दिनांकः 27.08.2026

समय: 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

1. प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के लिए अधिसूचना जारी-प्रत्याशी 31 अगस्त तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेन्स के जरिए 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।
3. राज्य के 11 और जिलों में आज से उर्वरक की ऑनलाइन बिक्री व्यवस्था लागू हुई।
4. प्रदेश में रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में रौनक-कुंदन, मीनाकारी और जरदोजी वर्क वाली राखियों के प्रति विशेष आकर्षण।

प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी हो गई है। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी 31 अगस्त तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 309 नगरीय निकायों के चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 9 सितंबर और दूसरे चरण में 11 सितंबर को मतदान होगा। मतगणना 14 सितंबर को होगी, जबकि नगर परिषद सभापति और नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव 21 सितंबर को होगा। इन चुनावों में 1 करोड़ 44 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 10 नगर निगम, 47 नगर परिषद और 252 नगर पालिकाएं शामिल हैं। जयपुर नगर निगम में सबसे अधिक, जबकि बूंदी के इंद्रगढ़ में सबसे कम मतदाता हैं।

इस बीच, बीकानेर और फतेहपुर में नगर निकाय चुनाव के मतदान कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार बीकानेर नगर निगम के 80 वार्डों में अब पहले चरण में 9 सितंबर को मतदान होगा। वहीं जिले की अन्य छह नगरीय निकायों के कुल 190 वार्डों में दूसरे चरण के तहत 11 सितंबर को ही मतदान होगा। उधर, सीकर जिले की फतेहपुर नगर पालिका में दूसरे चरण के लिए मतदान 11 सितंबर के बजाय 9 सितंबर को कराया जाएगा। आयोग ने यह बदलाव स्थानीय स्तर पर प्राप्त प्रस्तावों और परिस्थितियों को देखते हुए किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के तहत मेरा युवा भारत-माय भारत की ओर से

आयोजित यह कार्यक्रम देशभर में हर जिले के दो कॉलेजों में होगा। यह संवाद युवाओं को देश की खेल संबंधी महत्वाकांक्षाओं से जुड़ने का सीधा माध्यम प्रदान करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि उनके विचार और दृष्टिकोण भारत के युवा और खेल पारिस्थितिकी तंत्र पर चल रही चर्चा का हिस्सा बनें। कार्यक्रम में युवाओं को खेल, नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर संवाद का अवसर मिलेगा। इस दौरान सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों के साथ स्थानीय खेल हस्तियां भी युवाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए शामिल होंगी।

केन्द्र सरकार ने आने वाले महीनों में प्याज की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और कीमतों में मौसमी बढ़ोतरी को नियंत्रित करने के लिए बफर स्टॉक से प्याज की लक्षित आपूर्ति शुरू की है। रेल और सड़क परिवहन के जरिए प्याज प्रमुख खपत केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार ने 2026-27 के लिए दो लाख टन रबी प्याज खरीद का लक्ष्य रखा था, जिसमें करीब एक लाख 21 हजार टन प्याज खरीदा जा चुका है। इस बीच, नासिक से दिल्ली के लिए 'कांदा एक्सप्रेस' के जरिए बफर स्टॉक का प्याज भेजा गया है। उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए प्याज 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जाएगा। एनसीसीएफ, नेफेड, केंद्रीय भंडार और मोबाइल वैन के जरिए इसकी खुदरा बिक्री की जाएगी।

नेपाल में बाढ़ आपदा के मद्देनजर राजस्थान सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। नेपाल यात्रा पर गए राज्य के किसी भी व्यक्ति के संबंध में जानकारी या सहायता के लिए परिजन आपदा प्रबंधन विभाग के स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के टोल फ्री नंबर 1070 और 112 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य दूरभाष नम्बर भी जारी किये गये हैं। विभाग ने आईपी नंबर 2 8 8 8 8 और ई-मेल के माध्यम से भी सूचना देने की सुविधा उपलब्ध कराई है। गौरतलब है कि नेपाल में कल आई भीषण बाढ़ में करीब 160 लोगों की मृत्यु हो गई और 133 भारतीय नागरिकों सहित साढ़े सात सौ से अधिक लोग लापता हैं।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नेपाल बाढ़ हादसे पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

प्रदेश के 11 और जिलों में आज से उर्वरक की ऑनलाइन बिक्री व्यवस्था लागू हो रही है। इनमें बारां, दौसा, हनुमानगढ़, डूंगरपुर, जालोर, झालावाड़, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, सवाईमाधोपुर और टोंक जिले शामिल हैं। कृषि विभाग के अनुसार इन जिलों में डीबीटी पीओएस एप्लीकेशन का नया संस्करण लागू किया जा रहा है। इससे पहले सात जिलों में यह व्यवस्था लागू की जा चुकी है। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि अब तक एक लाख से अधिक किसानों ने करीब 15 हजार मीट्रिक टन यूरिया की आनलाइन बुकिंग की है। नई व्यवस्था में फार्मर आईडी के माध्यम से उर्वरक की बिक्री होगी और प्रत्येक बिक्री डिजिटल रूप से दर्ज की जाएगी। इससे निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत बिक्री पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में विकास का रोडमैप तैयार कर कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। वे जयपुर के सांगानेर में रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में महिलाओं ने मुख्यमंत्री को रक्षासूत्र बांधे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 20 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

----------------

भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व कल मनाया जाएगा। इस लेकर बाजारों में राखियों की खरीदारी तेज हो गई है। बारां जिले में रंग-बिरंगी राखियों से दुकानें सजी हुई हैं। वहीं सवाईमाधोपुर में बाजारों में राखी, नारियल, गोला, मिठाई, कपड़े और उपहारों की खरीदारी हो रही है। इधर, राजधानी जयपुर में नाहरगढ़ रोड, चांदपोल बाजार और छोटी चैपड़ सहित प्रमुख बाजारों में राखियों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आ रही है। इस बार पारंपरिक कुंदन, मीनाकारी और जरदोजी वर्क वाली राखियों के साथ ब्रेसलेट स्टाइल की राखियां भी पसंद की जा रही हैं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है। वहीं दुकानदार भी राखियों की अच्छी बिक्री से खुश हैं।

----------------

रक्षाबंधन पर मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग भी मुस्तैद है। जांच दलों द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों पर मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।